an>

Title: Need to provide modern irrigation facilities to farmers of Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से झारखंड प्रदेश और खासकर गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र जहां से मैं आता हूं, अभी 1400 मिलीमीटर बारिश हुई है जिसका 12 प्रतिशत अगर इस्तेमाल होता है तो राज्य में शेष वर्षा का संचय करने का उपाय नहीं है जिसके कारण किसानों की स्थिति काफी दयनीय है। आज झारखंड प्रदेश में 50 प्रतिशत ही बारिश हुई है और भारत सरकार से हम मांग करते हैं कि खासकर गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पीरटाण, डुमरी, नावाडाट टुंडी, तोपचांची, कसमार, पेटरवार, गोमिया इत्यादि ये कृषिबहुल क्षेत्र हैं। यहां पर डीप बोरिंग करवाई जाए जिससे सिंचाई की सुविधा बहाल करवाई जा सके। झारखंड सरकार द्वारा किसानों के लिए आज की तारीख में कुछ नहीं किया जा रहा है और हम केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि अविलम्ब वहां पर एक एक पंचायत में कम से कम पांच पांच डीप बोरिंग की जाए और जो हमारे प्रधान मंत्री जी की योजना है कि भारत सरकार के द्वारा प्रधान मंत्री सिंचाई योजना लागू होगी, उसमें इसको जोड़ने की कृपा की जाए। आपने जो समय दिया।